


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना



प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 4 | अंक : 05 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 7 सितंबर से 13 सितंबर 2023 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5


# कांग्रेसी विधायक सहसराम कोरोटे को ग्रामीणों ने काले झंडे दिखाकर मुर्दाबाद के नारे लगाकर ग्राम में प्रवेश से रोका

## ग्राम पांडरवानी में लिफ्ट इरीगेशन के भूमि पूजन के लिए पहुंचे थे अपने लाव लस्कर के साथ





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले केआमगांव – देवरी विधानसभा छेत्र के कांग्रेसी विधायक सहसराम कोरोटे 4 सितंबर को सालेकसा तहसील के ग्राम पांडरवानी में लिफ्ट इरीगेशन के भूमि पूजन के लिए अपने लावलस्कर के पहुंचे थे, किंतु विधायक के खिलाफ ग्रामीणों का त्रिव आक्रोश सामने आया वह ग्रामीणों द्वारा मार्ग पर पेड़ काटकर रोड़ बाधित करने के साथ ही काले झंडे दिखाकर वह मुर्दाबाद के नारे लगाकर विधायक को ग्राम में घुसने नहीं दिया।

गौरतलब है की गोंदिया जिले के आमगांव– देवरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक सहसराम कोरोटे अपने बड़बोलेपन वह अधूरे कार्य के भूमि पूजन व उद्घाटन के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र में काफी चर्चित हो रहे हैं। इसी प्रकार का एक मामला 4 सितंबर को सामने आया जब सालेकासा तहसील के ग्राम पांडरवाणी में लिफ्ट इरीगेशन के भूमि पूजन के लिए अपने लावलश्कर के साथ पहुंचे तो विधायक की कार्य प्रणाली से आक्रोशित ग्रामीण व किसानों द्वारा गांव के मार्ग पर पेड़ काटकर मार्ग को रोका गया वह काले झंडे दिखाने के साथ ही विधायक मुर्दाबाद वह वापस जाओ के नारे लगाकर बिना भूमि पूजन किये विधायक को वापस लौटाया।

इस संदर्भ में ग्रामीण व किसानों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि क्षेत्र में विधायक कभी दिखाई नहीं देते सिर्फ चुनाव के समय व भूमिपूजन या अधूरे उद्घाटन के लिए आते हैं। किसानों व ग्रामीणों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं के लिए विधायक के कार्यालय में जाकर आवेदन दिए थे इसके साथ ही जिला परिषद के सदस्यों को भी इस संदर्भ में निवेदन किया था परंतु किसानों व ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को अब तक हल न किए जाने से नाराज किसानों द्वारा पांडरवाणी की लिफ्ट इरीगेशन के भूमि पूजन के लिए अपने लाव लश्कर के साथ आने पर काले झंडे दिखाकर निषेध करने के साथ ही विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाकर विधायक को बैरंग वापस लौटाया तथा मांग की है कि पहले लिफ्ट इरीगेशन का कार्य पूर्ण किया जाए तथा किसानों के खेत तक पानी पहुंचे तभी विधायक को ग्राम में प्रवेश दिया जाएगा। इस समय विधायक के साथ जिला परिषद सदस्य वंदना काळे, ओबीसी सेल अध्यक्ष राजू काळे, पूर्व पंचायत समिती सभापती दिलीप वाघमारे, पूर्व जिला परिषद सदस्य लता दोनोडे, कार्यकर्ता संजय दोनोडे, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देवरी के ग्रामीण चिकित्सालय का कार्य पूर्ण होने के पूर्व उद्घाटन

विधायक कोरोटे द्वारा गत कुछ दिनों पूर्व देवरी के शासकीय उपजिला चिकित्सालय की इमारत का कार्य पूर्ण न होने के बावजूद श्रेय लेने के लिए आनन –फानन में उद्घाटन किया गया जिसकी भी चर्चा संपूर्ण जिले में चल रही है।

### आमगांव –देवरी विधानसभा क्षेत्र में विधायक कोरोटे का भारी विरोध

आमगांव– देवरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक जब से विधायक बने हैं वह अपनी तानाशाही प्रवृत्ति के चलते हमेशा से ही चर्चे में चर्चा में बने हुए हैं। कभी किसानों को जमीन के लिए धमकाना, कभी बिजली बिल न भरने पर कार्यालय की बिजली कट जाना, तहसील में विभिन्न अधूरे कार्यों का उद्घाटन करना व ग्रामीणों की समस्याओं को अनसुनी करना जैसी नीति के चलते संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों में विधायक के खिलाफ आक्रोश निर्माण होने के साथ ही विरोध प्रखर हो रहा है।

# 8 हजार की रिश्वत प्रभारी सहायक दुय्यम निबंधक मधुकर मेश्राम एसीबी की हिरासत में



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले के सालेकसा के प्रभारी दुय्यम निबंध मधुकर लोकनाथ मेश्राम उम्र 50 वर्ष को रजिस्ट्री कर देने के नाम पर 8000 की रिश्वत के मामले में गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा हिरासत में लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता यह किसान जिसके द्वारा खरीदी की गई मौजा धानौली की 16 आर जमीन की का प्रत पुरानी है तथा जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती ऐसा कारण बताकर रजिस्ट्री करने के नाम पर 8000 के रिश्वत के मांग की थी। किंतु फरियादी द्वारा रिश्वत न देते हुए इस मामले की शिकायत गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो में की गई। गोंदिया एसीबी द्वारा उपरोक्त मामले की जांच के दौरान सामने आया कि फरियादी की रजिस्ट्री करने के पश्चात 8000 की रिश्वत पंचों के समक्ष लेने का प्रयास किया। आरोपी जनसेवक मधुकर लोकनाथ मेश्राम प्रभारी दुय्यम निबंधक सालेकसा श्रेणी 1 मूल पद व नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक वर्ग 3 दुय्यम निबंधन कार्यालय आमगांव द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत लेने का प्रयास किया। गोंदिया एंटी करप्शन द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ पुलिस स्टेशन सालेकसा में मामला दर्ज करने की प्रक्रियाशुरू है। उपरोक्त करवाई पुलिस अधीक्षक राहुल माकनीकर एसीबी नागपुर, अपर पुलिस अधीक्षक सचिन कदम, संजय पुंरदरे नागपुर परिक्षेत्र, अनामिका मिर्जापुरे वाचक पुलिस उप अधीक्षक एसीबी नागपुर परिक्षेत्र , विलास काले उप अधीक्षक गोंदिया के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक अतुल तवाड़े, सहायक फौजदार विजय खोबरागड़े ,चंद्रकांत करपे, पोहवा संजय बोहर, मंगेश कहालकर, नापोशी संतोष शेड़े, संतोष बोपचे, अशोक कापसे, प्रशांत सोनवाने, कैलाश काटकर, मनापोसी संगीत पटले, रोहिणी डांगे चालक नापोसी दीपक बाटबर्वे द्वारा की गई।

# प्रकल्पग्रस्त नागरिक समस्या शीघ्र हल करे अन्यथा आंदोलन- उमेशसिंह पन्डेले



बुलंद गोंदिया। (संवाददाता खातिया )–गोंदिया तहसील अंतर्गत ग्राम बिरसी एयरपोर्ट मे प्रकल्पग्रस्त परिवारों की अनेक समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से ग्राम के नागरिकों की समस्या शीघ्र शीघ्र नहीं सुलझाई गई तो आने वाले दिनों में 11 सितंबर से आंदोलन की चेतावनी ग्रामीण जनता ने निवेदन के माध्यम से दी। गौरतलब है की ग्राम बिरसी के 106 प्रकल्पग्रस्त परिवारों का पुनर्वासन तो किया गया परंतु अब भी अनेक समस्याएं जस की तस बनी हुई है जिस जगह पुनर्वासन किया गया उस जगह पर पर ना तो आवागमन की सुविधा है और न ही विद्युत सेवा सुविधा है पानी की सुविधा भी नही ऐसी अनेक समस्याओं से आज भी नागरिक जूझ रहे हैं। यही नहीं इसके अतिरिक्त भी अनेक महत्वपूर्ण समस्याएं वहां निर्माण है इन सभी समस्याओं का हल शीघ्र किया जाए इसके लिए ग्रामीण जनता के माध्यम से निवेदन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,खासदार सुनील मेन्ढे, आमदार विनोद अग्रवाल, जिला अधिकारी कार्यालय,उप विभागीय अधिकारी कार्यालय आदि को निवेदन कर समस्या से अवगत कराते हुए जल्दी ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो जिलाधिकारी कार्यालय उप विभागीय अधिकारी कार्यालय व भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण बिरसी एयरपोर्ट पर भव्य मोर्चा निकाला जाएगा जिसमे अर्धनग्न आंदोलन,अनिश्चितकालीन भूक हड़ताल,चक्का जाम यहा तक कि सामुहिक आत्मदहन की चेतावनी दि है। साथ ही आनेवाले विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव मे ग्राम कि ओर से चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा ऐसा निवेदन दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत बिरसी के सरपंच संतोष सोनवाने, उपसरपंच उमेशसिंह रामप्रसादसिंह पंन्डेले, योगराज मेश्राम, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

### नही उड़ने देंगे प्रशिक्षु विमान

बिरसी की समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो 11 तारीख से बिरसी एयरपोर्ट से एक भी प्रशिक्षण विमान हम उड़ने नहीं देंगे और एयरपोर्ट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन अर्धनग्न प्रदर्शन, भूख हड़ताल ,चक्का जाम, एवं सामूहिक आत्मदान करेंगे और आने वाले लोकसभा विधानसभा चुनाव का समस्त ग्रामवासी के द्वारा सामूहिक बहिस्कार करेंगे।

**–संतोष प्रकाश सोनवाने सरपंच ग्रापं बिरसी**

### शासन प्रशासन को बार–बार अवगत कराने के बावजूद भी नहीं दे रहा है ध्यान

इस संदर्भ में शासन– प्रशासन को अनेकों बार निवेदन देने के बावजूद भी बिरसी ग्राम वासियों की समस्याओं की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसकी वजह से अब ग्राम पंचायत प्रशासन व नागरिक आंदोलन का रूख अपना रहे है।

**–उमेशसिंह पंन्डेले उपसंरपच ग्राम पंचायत बिरसी एयरपोर्ट**

# राष्ट्रीय महामार्ग देवरी में बस चालक ने वृद्ध को कुचला घटनास्थल पर मौत



**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता देवरी )**– गोंदिया जिले के देवरी से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 पर देवरी तहसील कार्यालय के समीप 5 सितंबर को लापरवाही पूर्ण तरीके व तेज गति से चलते हुए बस चालक द्वारा वृद्ध व्यक्ति को कुचल दिया जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जेठभावडा़ निवासी मनीराम रामजी गोटे यह मार्ग पार कर तहसील कार्यालय की ओर जा रहा था। इसी दौरान राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 से आ रही बस क्रमांक सीजी 04 ई 5821 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्ण तरीके से तेज गति से चलते हुए वृद्ध को मार्ग पर कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। उपरोक्त घटना तहसील कार्यालय के समीप घटित हुई दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होती ही देवरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# दूध में मिलावट करोंगे तो होंगी कड़ी कार्यवाही




**बुलंद गोंदिया।** दूध में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डेयरी विकास विभाग के सचिव तुकाराम मुंढे ने जिले वार धड़क अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। यह अभियान मंडल के ग्यारह जिलों में शुरू किया गया है क्षेत्रीय डेयरी विकास अधिकारी एसएल नवले ने बताया कि दूध की जांच शुरू कर दी गई है। प्रदेश में दूध में मिलावट रोकने के लिए 28 जून को शासनादेश जारी किया गया है और इसके अनुसार दूध में मिलावट रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष जिले के अपर जिलाधिकारी होंगे. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त, जिला पशुपालन उपायुक्त, वैध माप विज्ञान के उप नियंत्रक को सदस्य और जिला डेयरी विकास अधिकारी को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। गोंदिया जिले में उक्त शासन निर्णय के क्रियान्वयन के क्रम में 31 अगस्त को गोंदिया में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उक्त समिति का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समिति के सदस्यों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला उपायुक्त पशुपालन, उप नियंत्रक वैध माप विज्ञान, जिला डेयरी विकास अधिकारी को मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। दूध। साथ ही दूध में मिलावट जांच अभियान चलाने के लिए जिले के सभी तालुकाओं में धड़क अभियान चलाने का भी सुझाव दिया गया है। समिति के माध्यम से अपील की गई कि जिले के सभी दूध विक्रेता, दूध एवं दूध उत्पाद निर्माता उच्च गुणवत्ता, मिलावट रहित दूध एवं दूध उत्पाद बेचें।

# 20 वर्षीय युवक ने होटल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बुलंद गोंदिया। गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत गोंदिया रेलवे स्टेशन के समीप स्थित होटल हार्मोनी में गोंदिया निवासी 20 वर्षीय युवक क्रिस विजय मानापूरे द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उपरोक्त मामला 2 सितंबर की सुबह सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया शहर के माताटोली निवासी युवक क्रिस विजय मानापूरे यह1 सितंबर की दोपहर गोंदिया रेलवे स्टेशन के समीप स्थित होटल हार्मोनी में अपनी आइडेंटिटी आधार कार्ड देकर रूम नंबर 103 बुक किया तथा उसके पश्चात उसमें शिफ्ट हो गया। इसके पश्चात 2 सितंबर की सुबह जब युवक बाहर नहीं आया तो होटल के संबंधित कर्मचारियों द्वारा उसे आवाज दी गई किंतु किसी भी प्रकार का जवाब नहीं मिलने पर डुप्लीकेट चाबी से रूम को खोला गया। जिसमें सामने आया कि युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी तत्काल गोंदिया शहर पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर शासकीय चिकित्सालय भेजा वह मामले की जांच सुरु कि युवक द्वारा आत्महत्या क्योंकि तथा गोंदिया निवासी होने के बावजूद होटल में रहने को क्यों गया इसकी जांच शहर पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में की जा रही है।

## संपादकिय...

# सीट बंटवारे का सवाल

मुंबई में विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को खत्म हुई। इस बैठक में विपक्ष के नेताओं ने एकजुटता का संदेश दिया है। हालांकि दलों के बीच हितों का टकराव देखने को मिला। बैठक में लोकसभा चुनावों की ही बात की गई विधानसभा चुनावों की नहीं। विपक्षी दलों के I.N.D.I.A. गठबंधन के नेताओं की मुंबई में हुई दो दिवसीय बैठक से निकले नतीजों पर गौर करें तो साफ दिखता है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलों को गठबंधन नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। जो तीन प्रस्ताव इस बैठक में स्वीकार किए गए, उनमें भी इसकी छाप नजर आती है। पहले प्रस्ताव में ही यह साफ कर दिया गया है कि अगला लोकसभा चुनाव जहां तक संभव होगा, साथ लड़ेंगे। यह घोषणा एक तरह से इस आशंका या सवाल को समाप्त कर देती है कि पता नहीं ये दल एक साथ आ पाएंगे या नहीं। कहा जा सकता है कि वे साथ आ चुके हैं। हालांकि इन दलों के बीच हितों का जो सहज टकराव था, वह दूर नहीं हुआ है। इसीलिए सिर्फ लोकसभा चुनावों की बात की गई। इसमें विधानसभा चुनावों को शामिल नहीं किया गया है। यही नहीं, 'जहां तक संभव होगा' का प्रयोग बताता है कि सही अर्थों में सहमति बनाने के लिए अभी काफी मशक्कत करने की जरूरत पड़ेगी और ऐसी भी सीटें होंगी ही, जहां तमाम मशक्कतों के बावजूद सहमति नहीं बन पाएगी। ऐसे ही दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि I.N.D.I.A. के सदस्य जल्द से जल्द सार्वजनिक रैली आयोजित करना शुरू कर देंगे। तीसरे प्रस्ताव में कम्युनिकेशन और मीडिया स्ट्रैटेजी का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' पर आधारित होगा। जाहिर है, ये तीनों प्रस्ताव जल्द से जल्द चुनाव प्रचार के मोड में आने का ही ऐलान हैं। 13 सदस्यों की जो को-ऑर्डिनेशन कमिटी घोषित की गई है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें सभी प्रमुख दलों को जगह दी गई है और यह इस गठबंधन की सर्वोच्च निर्णायक इकाई के रूप में काम करेगी। इस घोषणा के जरिए यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो भी मुद्दे उठने वाले हैं वे उठें तो जरूर, लेकिन सार्वजनिक तौर पर अनिश्चितता या असमंजस का कारण न बनें। इसकी संभावना कम इसलिए हो गई है क्योंकि को-ऑर्डिनेशन कमिटी के रूप में इन मुद्दों को निपटाने का एक मैकेनिज्म अस्तित्व में ला दिया गया है। हालांकि अलग-अलग विचारधारा, नीति, अजेंडा और हितों वाले दलों का साथ चलना कितना मुश्किल है, यह इससे भी पता चलता है कि पहले से घोषणा हो जाने के बावजूद संगठन का लोगो जारी नहीं किया जा सका। संयोजक को लेकर भी किसी नाम की घोषणा नहीं हो सकी। वैसे मानकर चलना चाहिए कि आगे ऐसी और भी असहमतियां सामने आएंगी। हो सकता है मतभेद मनमुटाव का भी रूप लेते दिखें। लेकिन ये दल मुंबई में की गई घोषणाओं पर कायम रहें तो इतना जरूर है कि सत्तारूढ़ पक्ष के लिए साझा चुनौती ये बन चुके हैं। भारतीय लोकतंत्र के मौजूदा मोड़ पर विपक्ष के स्पेस की राजनीति के लिए यह छोटी बात नहीं।

## पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों को सफलता

# श्रीराम अभिनव धान खरीदी संस्था के पीडित 432 किसानों को 3 करोड़ 26 लाख रु. के भुगतान के आदेश जारी

### श्रीराम अभिनव संस्था के संचालक अभी भी पोलीस गिरफ्त से बाहर



**बुलंद गोंदिया।** पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर राज्य शासन के अन्न व नागरी पुरव विभाग ने ग्राम चुटिया की श्रीराम अभिनव शासकीय धान खरेदी संस्था के 432 किसानों के 15 ,996 क्विंटल धान के 3 करोड 26 लाख रु.) के भुगतान का आदेश दे दिया है, पूर्वक गोपालदास अग्रवाल ने मुंबई से DMO से फोन पर चर्चा कर किसानों का भुगतान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि, गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुटिया कि, श्रीराम अभिनय धान खरेदी संस्था द्वारा शासन के नाम पर 1000 से अधिक किसानों से खरीदे गए करीब 25000 क्विंटल से अधिक धान को गायब कर, शासन के साथ-साथ हजारो किसानों के साथ धोखाधड़ी करनेवाली राजनैतिक वरदहस्त प्राप्त संस्था संचालकों पर कड़ी कार्य और किसानों को तत्काल धान का भुगतान किये जाने बाबत, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अन्न व नागरी पुरवठा मंत्री छगन भुजबल को ज्ञापन सौंप। राजनैतिक वरदहस्त प्राप्त संस्था द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी करने और शासन द्वारा धान के भुगतान रोके जाने से, ग्रामीण अंचल में चल रही विस्फोटक परिस्थिती से अवगत कराया था, जिस पर देवेन्द्र फडणवीस ने आगामी दो दिनों में सर्वप्रथम धान का चुका कराने के निर्देश संबंधितों को दिये थे, जिसके फलस्वरूप आज शासन ने विशेष आदेश जारी कर उक्त पीड़ित 432 किसानों के भुगतान के आदेश दे दिये है। उक्त रक्कम की वसुली शासन द्वारा श्रीराम अभियन संस्था के संचालकों द्वारा की जायेगी, यह विशेष उल्लेखनीय है। जिन किसानों के पास धान की पावती नहीं है, उन्हें भी भुगतान करें सरकार पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने 432 किसानों को धान की रसीद प्राप्त हुई, सरकार द्वारा उन किसानों का भुगतान किये जाने के लिये मुख्यमंत्री शिंदे एवंम उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया है। वहीं जिन सैकड़ों किसानों ने संस्था संचालकों पर विश्वास कर धान दे दिया और संस्था संचालकों ने जिन सैकड़ों किसानों का धान गायब कर रसीद तक नहीं दी. ऐसे भी सभी किसानों को शासन संपुर्ण भुगतान करें, ऐसा निवेदन किया है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

## जिला स्तरीय शालेय रायफल शूटिंग खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बुलंद गोंदिया।** क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिल्हा क्रीड़ा अधिकारी व गोंदिया डिस्ट्रिक्ट रायफल शूटिंग असोसिएशन, गोंदिया द्वारा आयोजित जिल्हास्तरीय रायफल शूटिंग क्रीड़ा स्पर्धा 2023-24 दिनांक 28 ते 29 आगस्ट 2023 को जिल्हा क्रीड़ा संकुल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जिल्हा क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम राठोड ,क्रीड़ा अधिकारी . ए.बी. मरसकोल्हे ,गोंदिया डिस्ट्रिक्ट रायफल असोसिएशन के सचिव अविनाश बजाज , सहसचिव अमर गांधी , नेशनल कोच नेलेश शेंडे , रामदास तांडेकर कोच विनेश फुंडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना व संचालन क्रीड़ा अधिकारी ए.बी.मरसकोल्हे इन्हों किया। सभी छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया. जिसमें राहुल गांधी, तेजस्वीनि राजपूत, हिया वडेरा, रिया खुरसुगें, लक्ष अग्रवाल, अथर्व ठाकुर, तमीम शेख, अभिनव असाटी, विवेक बाबरे इत्यादि छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देकर, विभागीय स्तर क्रीड़ा स्पर्धा के लिए चयनित हुए और अपने जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस सफलता पर जिल्हा क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम राठौड़ और ए.बी. मरसकोल्हे ने नैशनल कोच नेलेश शेंडे को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में आनंद मकवाना , प्रकाश जसानी , सुनील शेंडे , विशाल ठाकुर , आशीष चौहान , खुशाल पिंजरघरे , चंद्रशेखर बिरनवार , प्रविन राऊत, प्रशिक मेश्राम, छाया वडेरा , इत्यादि उपस्थिति थे जिन्होंने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## 1 और 2 रु. के सिक्के लने से कर रहे इंकार-बैंक व दूकानदार की मनमानी

**गोंदिया**-शहर में 1 व 2 रु. के सिक्कों को लेकर परेशानी बढ़ गई है. दूकानदार व बैंक यह सिक्के लेने में मना कर रहे हैं. उसे लेकर ग्राहक-दूकानदार के बीच व बैंक कर्मियों से विवाद होने लगता है. हालांकि एक और दो रुपए का सिक्का 7 मुद्रा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है. मजदूर, ठेकेदार, व्यापारी, किसान मजदूरों को नोट के बदले सिक्के दिए जाते हैं. इसलिए। मजदूर वर्ग के साथ-साथ कर्मचारी जरूरी सामान, पेट्रोल, सब्जी खरीदते समय चिल्लर एक, दो, पांच, दस रु. का सिक्का देने की कोशिश करते हैं. उस समय पेट्रोल पंप व व्यापारी 5 रु.10 रु. के सिक्के तो स्वीकार करते हैं लेकिन 1 व 2 रु. के सिक्के लेने से इंकार कर देते हैं. इसमें भी शहर, बस्तियों व गांव के छोटे दुकानदारों के अधिक नखरे होते हैं. उसे लेकर अनेक बार विवाद की तस्वीर नजर आती है. भारत सरकार पेट्रोल व अन्य वस्तुओं की कीमत पैसों में बढ़ाती है और जो व्यक्ति सिक्का लेने से इंकार करता है उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है. लेकिन व्यापारी, पेट्रोल पंप संचालक इन नियमों के बावजूद नागरिकों का शोषण कर रहे हैं. जागरूक नागरिक एक व दो रु. के सिक्के को स्वीकार करने के लिए मजबूर करते हैं. लेकिन कई लोग इसे अनदेखा कर रहे हैं और चुपचाप अन्याय सह रहे हैं. जबकि इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है. वस्तु खरीदी बिक्री में पैसे, रुपए प्रचलन में हैं. 25 पैसे, 50 पैसे के समय के अनुसार चलन से बाहर हो गए. लेकिन एक, दो, पांच, दस रुपये के सिक्के चलन में होने पर भी चलन से बाहर दिखाई देते हैं. ऐसे में आम आदमी एक व दो रुपए के सिक्कों का इस्तेमाल करते हैं तो पेट्रोल पंप, व्यापारी, बैंक इन्हें लेने से मना कर रहे हैं. उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही है..

# मिट्टी की मूर्तियों की करें स्थापना

**सालेकसा** - शंकरलाल अग्रवाल विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, प्राणीशास्त्र विभाग एवं रसायन शास्त्र विभाग की ओर से मिट्टी की मूर्ति विक्री एवं प्रदूषण मुक्त विसर्जन करने को लेकर जनजागृति की गई.

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. विरणवार, डॉ.पुरी, डॉ. ठाकुर, प्रा.आडे, डॉ. देशमुख, डॉ. कोसुरकर, डोंगापुरे एवं डॉ. भदोरिया ने विद्यार्थियों को इस उपक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्यावरण संवर्धन एवं प्लास्टिक मुक्ति के लिए इको फ्रेंडली गणेश मूर्ति स्थापना एवं प्रदूषण मुक्त विसर्जन के लिए जनजागृति रैली निकाली गई तहसील के विविध मूर्तिकारों की दुकानों पर जाकर मिट्टी की मूर्ति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, वृक्ष संवर्धन के लिए ग्रीन रक्षाबंधन मनाया गया.

# 2 वर्षीय मासूम का योन शोषण आरोपी अजय धामेचा को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**बुलंद गोंदिया।** विशेष सत्र न्यायालय, गोंदिया द्वारा 31अगस्त गुरुवार को आरोपी अजय रामचंद धामेचा 40 वर्ष निवासी तिरोड़ा को बाल यौन अपराध निवारण अधिनियम (POCSO अधिनियम) 2012 के मामले में 05 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई । आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास और 2,000/- रूपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। इस संदर्भ में जानकारी दी गई कि,उक्त मामला य 07 जुलाई/2016 को समय 07.00 से 08.00 बजे के बीच वादी के नाबालिग पुत्र उम्र 2 वर्ष को अभियुक्त चॉकलेट खिलाने चार पहिया वाहन में घुमाने के लिये ले गया। व उसका यौन उत्पीड़न करने की नियत से उसके गुप्तांगों को पकड़कर उसके शरीर पर जगह-जगह चोट पहुंचाई और मामले की जानकारी पीड़िता की मां को हुई तो उक्त मामले की वादी ने 08जुलाई को आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। तिरोड़ा में आरोपी के खिलाफ शिकायत के आधार पर भादवि की धारा 324, 323 और बाल यौन शोषण निवारण अधिनियम (POCSO अधिनियम) 2012 की धारा 4, 6, 8 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उक्त वादी की शिकायत पर तत्कालीन जांच अधिकारी तिरोड़ा के सहायक पुलिस अधीक्षक स्वप्निल उनवाने ने मामले की विस्तृत जांच की और आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश किया। उक्त मामले में अभियुक्तों के विरूद्ध अपराध सिद्ध करने हेतु सरकार/पीड़ित पक्ष की ओर से विशेष सरकारी अधिवक्ता कृष्णा डी पारधी , पी एस अगाशे व निजी वकील निना दुबे ने कुल 8 गवाहों की गवाही और मेडिकल व अन्य दस्तावेज कोर्ट के सामने पेश किये। उल्लेखनीय है कि 2 वर्षीय मासूम को न्याय मिले वह आरोपी को सजा हो इसके लिए पीड़ित के परिजनों द्वारा सरकारी वकील के साथ-साथ निजी वकील नीना दुबे को भी उपरोक्त मामले में पीड़ित की ओर से नियुक्त किया था। उपरोक्त प्रकरण में मेडिकल जांच करने वाले डॉक्टर का निधन हो गया था इसके पश्चात निजी वकील नीना दुबे द्वारा चिकित्सा के सहायक डॉक्टर को बुलवाकर गवाह के रूप में न्यायालय के समक्ष पेश किया था। अभियुक्त के वकील एवं सरकारी वकील की विस्तृत बहस के बाद एन.डी.खोसे, जिला एवं विशेष सत्र न्यायाधीश क्रमांक 2, गोंदिया जिला गोंदिया ने आरोपी के विरूद्ध शासकीय पक्ष के साक्ष्य को स्वीकार किया और आरोपी अजय रामचंद धामेचा, उम्र 40 वर्ष, निवासी. तिरोड़ा, जिला. गोंदिया को 1) बाल यौन अपराध निवारण अधिनियम (POCSO अधिनियम) 2012 की धारा 10 के तहत 5 साल का कठोर कारावास और 2,000/- रुपये का जुर्माना और जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री निखिल पिंगले के मार्गदर्शन में पो. हवा मोहन भोयर ने न्यायालयीन कार्य में सहयोग किया ।

# सांसद प्रफुल्ल पटेल की अग्रणी भूमिका से चुटिया के किसानों को मिला न्याय 432 किसानों के धान के बकाया भुगतान की प्रक्रिया हो गयी शुरू



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया तहसील के चुटिया स्थित श्री राम अभिनव सहकारी संस्था के धान खरीदी मैं घोटाले के चलते जिला मार्केटिंग विभाग में 432 किसानो की राशि का भुगतान नहीं हो पाया था ।इस मामले में किसान मार्केटिंग विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके थे। इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण 24 अगस्त को किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा संसद प्रफुल्ल पटेल से मुलाकात कर अपनी व्यथा सामने रखी थी। जिस पर सांसद पटेल द्वारा उन्हें न्याय मिले ऐसा आश्वासन दिया था। इस मामले में सांसद पटेल द्वारा अपनी अग्रणी भूमिका लेते हुए राज्य सरकार, मार्केटिंग महामंडल अन्न व नागरिक आपूर्ति मंत्रालय से संपर्क कर मामला सामने रखा जिस पर अन्न व नागरी आपूर्ति विभाग द्वारा उन 432 किसानों के खाते में बकाया राशि जमा करने की कार्रवाई शुरू की गई सांसद पटेल की इस अग्रणी भूमिका के चलते क्षेत्र के किसानों को न्याय मिला तथा बाकी के किसानों की समस्या का हल जल्द ही होगा। गौरतलब है की गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम चुटिया के शासकीय आधारभूत खरीदी केंद्र श्रीराम अभिनव सहकारी संस्था में परिसर के किसानों द्वारा खरीफ और रबी मौसम में अपनी धान की बिक्री की गई थी, किंतु संस्था द्वारा घोटाला किये जाने के चलते धान की बिक्री करने वाले किसानों को उनकी राशि का भुगतान नहीं हो पाया था। इस पर किसानों द्वारा मार्केटिंग विभाग में भागदौड़ की किंतु मार्केटिंग विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिशाद नहीं दिया जिस पर किसानों द्वारा अपनी आंदोलन की भूमिका सामने रखी। इसी दौरान 24 अगस्त को सांसद प्रफुल्ल पटेल के गोंदिया जिले के दौरे पर किसानों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या सामने रखी जिस पर किसानों की इस समस्या का हल निकालने के लिए सांसद पटेल द्वारा समय न गवाते हुए तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा की साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार व अन्न व नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ,आपूर्ति विभाग के सचिव, मार्केटिंग फेडरेशन के व्यवस्थापक संचालक मंडल से संपर्क कर किसानों के भुगतान का प्रश्न तत्काल हल करने की सूचना दी। सांसद पटेल की इस अग्रणी भूमिका से शासन प्रशासन अपने कार्य पर जुट गया तथा निरंतर उनके प्रयासों से किसानों के खाते में भुगतान की राशि जमा करने की प्रक्रिया विभाग द्वारा शुरू की गई है ।जिसके चलते चुटिया के 432 किसानों को न्याय मिला तथा शेष किसानों के प्रश्नों का हल जल्द से जल्द करने के लिए सांसद पटेल प्रयासरत हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन द्वारा भी सांसद पटेल का ध्यान आकृष्ट करवाया था। जिस पर चुटिया के किसान तुकाराम बघेले, सुरेश पटले, प्रभु पटले, त्रिलोक ढोमणे, दीपक कंसारे, अनिल पगरवार, जियालाल पटले, गोमाजी टेम्भरे, भूमेश्वर दिहारी, अवंतिका मरघाये, पर्बताबाई राऊत, गुलाब पटले, घनश्याम पटले, सेवक शेंडे, नानू सोंगाडे, श्यामराव लिल्हारे, गुड्डु अंबुले, डिलेश्वर गौतम, शांतीलाल पटले, राजाराम पगरवार, मोतीलाल लिल्हारे, शिशुला लिल्हारे, गणेशलाल लिल्हारे, परबता लिल्हारे, हंसराज लिल्हारे, शोभेलाल कंसारे, गब्बूलाल कंसारे, छोटेलाल रहांगडाले, प्रमोद रहांगडाले, कृष्णकुमार रहांगडाले, रेखाबाई रहांगडाले, राजाराम बघेले, जितेंद्र बघेले, डिलेश्वरी गौतम, रुदन गौतम, भाऊलाल बिसेन, ओमप्रकाश पटले, राजेंद्र तुरकर, प्रीतमलाल ठाकरे, अनुज रहांगडाले, घनश्याम पटले, डीलुचंद तुरकर, चुन्नीलाल येळे, योगराज अटरे, मुन्नालाल गौतम, श्यामलाल गौतम, होऊशलाल गौतम, परशराम गौतम, नंदकिशोर बघेले, सुमित पटले, मुनेश्वर पटले, ताराबाई चौहान, सर्जू चौहान, मोरेश्वर अंबुले, मिलकन बाई अंबुले, कृष्णा पटले, अंजनाबाई शरणागत, रमेश भगत, प्रेमलाल भगत, मोलानबाई चौधरी, माणिकचंद ठाकरे, धनलाल हरिणखेडे, भागचंद पटले, मेघश्याम चौधरी, बिसराम चौधरी, हरिराम पारंगडुरकर व अन्यकिसानो ने सांसद प्रफुल्ल पटेल वपूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का आभार माना।

# शिक्षकों का दायित्व छात्रों ने निभाया




**गोंदिया**-तुमखेड़ा खुर्द की जि.प.स्कूल में शिक्षक में छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. इस दौरान छात्रों को एक दिन का प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं चपरासी का दायित्व सौंपा गया.

प्रधानाध्यापक जी. जी. शेख के आदेश पर कक्षा सातवीं की छात्रा उन्नति मानकर ने प्रधानाध्यापिका, प्रतीक नंदेश्वर ने शिक्षक, अंश लिल्हारे चपरासी एवं हर्ष राऊत, धम्मदीप टेंभुर्णीकर ने शिक्षक के रूप में जिम्मेदारी का निर्वहन किया. कार्यक्रम में मार्गदर्शन के रूप में के.ए. यांते, डी.बी. रहांगडाले, एस. नारनवरे, एमवी चौधरी, त्री के शिवणकर, केके मेश्राम, एनजीओ अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरुण बन्नाटे उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदाओं व चोरों के कारण भी किसान तनाव में

गोंदिया, ब्यूरो. सिंचाई के लिए किसान विद्युत मोटर पंप के साथ अन्य उपकरण अपनाता है. लेकिन देखने में आ रहा है कि उन कृषि सामग्रियों को निशाना बनाने वाला गिरोह जिले में सक्रिय है. पिछले दो सप्ताह में ऐसी घटना नहीं हुई है, लेकिन हर माह मोटर पंप चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं. जिससे कृषि सामग्री की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है. क्या किसानों को कृषि सामग्री के लिए चौबीसों घंटे खेत में रहना चाहिए? ऐसा सवाल भी उठ रहा है और किसान आसमानी और सुल्तानी संकट के साथ-साथ अब चोरों के तनाव से भी जूझ रहे हैं. किसान खेती के लिए बारिश के पानी पर निर्भर रहने के बजाय सिंचाई के अय तरीकों की तलाश कर रहे हैं. इसी प्रकार किसान सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराता है ताकि सही समय पर पानी की कमी के कारण फसल खतरे में न पड़े. इसलिए सिंचाई व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है. लेकिन चोरों ने माध्यमिक सिंचाई प्रणालियों में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है. क्या जिले में कृषि सामग्री चोरी करने वाला कोई सक्रिय गिरोह है ? ऐसा अहसास कहीं न कहीं घट रही घटनाओं से होने लगा है. कृषि सामग्री चोरी होने से किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है. वे पहले से ही कृषि व्यवसाय के लिए आवश्यक बीज, उर्वरक, श्रम आदि का समन्वय कर रहे हैं. चोरों द्वारा लगाए गए चूने से भी अधिक नुकसान झेलना पडता है.

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**गोंदिया** -चिचगड़ थाने के तहत कोटजांभोरा फॉरेस्ट नाके के आगे मोड़ पर दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई व एक गंभीर रूप से घायल हो गया. गड़चिरोली जिले के पकनाभंटी निवासी रामसेवक बंजार व उसके पिता प्रेमसिंह जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो ज़ गए. इलाज के दौरान रामसेवक की केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में मौत हो गई. फिर्यादी हवलदार वसंता देसाई की शिकायत पर चिचगड़ पुलिस मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार मसराम कर रहे हैं. परसादी बंजार (50) मोटरसाइकिल से गड़चिरोली से नवेगांव बांध मार्ग से तिड़का जा रहे थे. इसी बीच कोटजंभोरा फॉरेस्ट नाके के आगे मोड पर दुर्घटना हो गई.

# गोंदिया में शहरी एवं ग्रामीण तहसील की स्थापना शीघ्र

## पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर गोंदिया जिले की राजस्व विभाग संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु राजस्व मंत्री विखे-पाटील ने ली बैठक



**बुलंद गोंदिया।** पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर राज्य के राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटील ने गोंदिया विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के निवारण हेतु, मंत्रालय में राजस्व विभाग के प्रधान सचिव देवरा सहित संबंधितों की बैठक ली तथा पुर्व विधायक के सुझाव पर प्रशासनीक सुधार की दृष्टि से गोंदिया तहसील का विभाजन कर गोंदिया ग्रामीण एवंम गोंदिया शहर को अलग-अलग स्वतंत्र तहसील बनाये जाने का ऐतिहासिक महत्वपुर्ण निर्णय लिया, जिससे अब निकट भविष्य में गोंदिया तहसील का विभाजन और गोंदिया के तहसील कार्यालय में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार पर कहीं न कहीं अंकुश लगने और आम नागरीक को राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त होंगा।

**गोंदिया तहसील का होंगा विभाजन** -चर्चा की प्रस्तावना रखते हुए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, 5 लाख आबादी के गोंदिया तहसील में कार्य का बोझ कम करने की दृष्टि से अप्पर तहसीलदार के पद की निर्मिती हुई, लेकिन उसे नैसिर्गक आपदा पर, आपदाग्रस्त को खावटी मदत और संजयगांधी-श्रावणबाळ के पात्र आवेदन की मंजुरी तक के अधिकार नहीं है। कार्यालय में योग्य कर्मचारी भी नही है, ऐसे में अप्पर तहसीलदार का पद नायाब तहसीलदार से ज्यादा नहीं है और इतने बड़े तहसील में एक तहसीलदार पर अत्याधिक कार्य के बोझ से जहां महत्वपुर्ण कार्य प्रलंबित हो रहे है, वहीं अवैध कार्य चरम पर चल रहे है, ऐसी परिस्थिती में गोंदिया तहसील का विभाजन कर गोदिया शहर और गोंदिया ग्रामीण दो तालुके निर्मित किया जाना हि तर्कसंगत होंगा। राजस्व प्रधान सचिव देवरा ने भी प्रस्ताव से सहमती दर्शायी जिस राजस्व मंत्री विखे-पाटील ने तत्काल मान्यता देते हुए, गोंदिया तहसील विभाजन हेतु जल्द से जल्द प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश देवरा और प्रभारी जिलाधिकारी पाटील को दिये।

गोंदिया शहर सिंधी समाज के नविनीकरण हेतु प्रलंबित 80 जमीन पट्टों के नवीनीकरण का आदेश = सिंधी समाज के करीब 80 जमीन के पट्टों के नविनीकरण में हुई देरी के कारण जिला प्रशासन उक्त पट्टों का नवीनीकरण नहीं कर रहा था। पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने इस संदर्भ में राजस्व मंत्री विखे-पाटील को अवगत कराते हुए, आवेदन में देरी के कारण पट्टे के नवीनीकरण रोकने को अन्यायकारक और लालफिताशाही बताया। राजस्व मंत्री ने सभी प्रलंबित 80 पट्टों के नवीनीकरण के आदेश राजस्व सचिव देवरा एवंम प्रभारी जिलाधिकारी पाटील को दिये।

**वर्ष 2005 के पूर्व की सभी राईस मिल की जमीनों को अकृषक परवाना**

गोंदिया जिले में वर्ष 2005 के पूर्व स्थापित सभी राईस मिलों को तत्कालीन औद्योगिक नितीनुसार, जिस जमीन पर राईस मिल स्थापित है, उक्त जमीन का अकृषक परवाना दिया जाना था, लेकिन तत्कालीन अधिकारीयों की लापरवाही से उक्त अकृषक परवाना नहीं जारी हुआ और अब इन राईस मिलों को बैंक लोन प्राप्त करने आदि में अडचने आ रही है। पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने बताया कि, गत वर्ष स्वंय राजस्व मंत्री ने गोंदिया दौरे के अवसर पर इन राईस मिलों के जमीनों को अकृषक कर देने के निर्देश दिये थे, लेकिन जिला प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। राजस्व मंत्री ने इस संदर्भ में प्रधान सचिव देवरा और प्रभारी जिलाधिकारी पाटील को तत्काल उक्त राईस मिलों के अकृषक परवाना जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रमुख रूप से प्रफुल अग्रवाल, महसुल विभाग के प्रधान सचिव राजगोपाल देवरा, उपसचिव इंगळे, उपसचिव बजाज, प्रभारी जिलाधिकारी प्रकाश पाटील, उपजिलाधिकारी खंडाईत, राईस मिलर्स असोसिएशन के सचिव महेश अग्रवाल (माया) उपस्थित थे।

## गोपाल अग्रवाल का रेल्वे की सर्वोच्च समिति में मनोनयन



**बुलंद गोंदिया।** भारत सरकार द्वारा 5 बार और 2 बार महाराष्ट्र शासन द्वारा सामाजिक मानव सेवा हेतु सम्मानित गोपाल अग्रवाल अध्यक्ष डेली रेल्वे मूवर्स एशोसियेशन (ड्रामा) का दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन की सर्वोच्च सलाहकार समिती जोनल रेल्वे उपभोक्ता परामर्शदायी कमेटी (जेड.आर.यु.सी.सी.) में आगामी 2 वर्षों हेतु रेल्वे बोर्ड ने जनरल मैनेजर द.पू.म. रेल्वे की अनुशंशा पर मनोनयन किया है। गोपाल अग्रवाल इसके पूर्व जेड.आर.यु.सी.सी. बिलासपूर 3 बार, मध्य रेल्वे मुम्बई में एक बार एवं विभागीय रेल समिती नागपुर मे 3 बार सदस्य मनोनीत किए जा चुके है। आपको रेल्वे विभाग में यात्री सुविधाओ हेतु आवाज उठाने में नागरीको की प्रशंसा प्राप्त है। गोपाल अग्रवाल ने मनोनयन पर पूर्व केंद्रिय मंत्री प्रफुल पटेल, सांसद सुनील मेंढे सांसद अशोक नेते एवं पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का आभार माना है। डेली रेल्वे मूवर्स एशोसियेन (ड्रामा) गोंदिया के पदाधिकारी गण एवं रेल्वे कमेटियों के पूर्व सदस्य प्रो. मेहबुब हिरानी, जितेंन्द्र परमार, रितेश अग्रवाल, विष्णु शर्मा, राजेश बंसोड, नवीन अग्रवाल ,प्रकाश तिडके, प्रसाद नायडू, अशोक शर्मा, ने अग्रवाल की नियुक्ती पर हर्ष व्यक्त किया है।

# भाजपा महिला आघाडी का रक्षाबंधन कार्यक्रम

## लाड़ले भैया परिणय फुके को हजारों बहनों ने बांधा प्यार का बंधन



**बुलंद गोंदिया।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर भाजपा महिला मोर्चा आघाडी तर्फे आज 2 सितंबर को शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित लाड़ले भैया परिणय फुके के कार्यक्रम में पहली बार ऐसा देखा गया जब बहनों का प्यार हजारों की संख्या में उमड़ पड़ा। अग्रसेन भवन के हर सभागृह में, कक्ष में महिलाएं ही महिलाएं थी। बहनों के इस प्यार को देख भाई का फर्ज निभाते हुए डॉ. परिणय फुके ने भी उपहार देकर बहनों के साथ हर कदम पर खड़ा रहने का विश्वास जताया।डॉ. परिणय फुके को प्यार का बंधन बांधने बहने आतुर रही। भाई की कलाई पर राखी बांधने कतारबद्ध रही। हर बहन के लिए भाई ने दोनों हाथों को सामने लाकर प्यार का बंधन बंधवाया। जिले भर की हर तहसील से भाजपा महिला आघाडी मोर्चे की बहने उपस्थित रही। डॉ. परिणय फुके ने सभी बहनों का आशीर्वाद लिया, माताओं के पैर छुए, छोटी नन्ही बहनों से प्यार दुलार किया। डॉ. परिणय फुके को प्यार का बंधन बांधने वामा महिला संगठन समेत अनेक सामाजिक संगठन की बहनें भी उपस्थित रही। हर समाजवर्ग की महिलाओं को प्यार का बंधन बांधते हुए देखा गया। बहनों ने केक काटा, पुष्पहार पहनाया और प्यारे भैया की आरती कर पूजन भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा महिला पदाधिकारीयों में भावना कदम, निर्मला मिश्रा, श्रद्धा अग्रवाल, सुनीता हेमने(तरोने), शालिनी डोंगरे, रचनाताई गहाने, सिताताई रहांगडाले, सविताताई पुराम, सोनालीताई देशपांडे, मौसमी सोनछात्रा, मैथुला बिसेन, पूजा तिवारी,शैलजा सोनवाने, दीपिका चन्द्रिकापुरे, छाया चौहान, प्रतिभा परिहार, तुमेश्वरी बघेले, सुनीता लिल्हारे, शिला चौहान, लक्ष्मी चौधरी, रजनी टिकरिया, धर्मिष्ठा सेंगर, सीमा बैतुले, माधुरी रहांगडाले, मैथिली पुरोहित, नेहा नायक, चित्रकला चौधरी, लता कठाने, राखी चुटे, सीमा उईके, पार्वती बड़ेसोनी, सुमित्रा उपाध्याय चन्द्रकांता मेंढे, योगिता उपाध्याय, भूमि उपाध्याय, रेखा ताई, रुचिताई, नीता ताई, युक्ता उरकुड़े, संध्याताई, सुनीता पाचे, दीपमाला बिसेन, राशि केसवानी, शिल्पा मंडवे, गीता जांभुलकर, हंसाताई सहित महिला मोर्चा की सभी तहसील की पदाधिकारी, कार्यकर्ता की हजारों की संख्या में उपस्थिति रही।

## घर से निकला किशोर नहीं लौटा

**गोंदिया** -घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला 16 वर्षीय किशोर लापता हो गया. छोटा गोंदिया के हरिओम कॉलोनी निवासी किशोर हमेशा की तरह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था. स्कूल से वह ट्यूशन जाता था. लेकिन 4 सितंबर को किशोर न स्कूल गया और न ट्यूशन गया. शाम होने के बावजूद घर वापस नहीं आने की वजह से परिजनों को चिंता हुई, उसकी सभी जगह तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया. इस प्रकरण में गोंदिया शहर पुलिस ने किशोर के पिता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ भादंवि की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

# लांजी के बकरामुंडी में मिले नक्सली पर्चे जंगली क्षेत्रो में पुलिस द्वारा बढ़ाई गई सर्चिंग





**बुलंद गोंदिया। (संवाददाता लांजी)** लांजी क्षेत्र में नक्सलियों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के नक्सल प्रभावित इलाकों में जहां समय-समय पर नक्सली अपने बैनर पोस्टर टांगकर अपनी उपस्थिति का एहसास कराते रहते है परंतु इस मर्तबा नक्सलियों ने नगरीय क्षेत्र से लगे लांजी के बकरामुंडी बस्ती के पास शनिवार को नक्सली पर्चे मिले है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पर्चे को बरामद कर लिया गया है और पुलिस अलर्ट मोड पर है। 20 दिनों में नक्सलियों के पर्चे फेंके जाने की यह दूसरी घटना है। बीते 12 अगस्त को लांजी के पौनी गांव में बैनर और नक्सली पर्चे मिले थे। जानकारी अनुसार, बकरामुंडी पंचायत के वार्ड 01 में ग्रामीणों ने जमीन पर पड़े नक्सली पर्चे देखे। पर्चे में नक्सलियों ने भाजपा सरकार को पूंजीपतियों की कठपुतली बताते हुए 21 सितंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) माओवादी संगठन की स्थापना के 19 साल पूरे होने पर धूमधाम के साथ वर्षगांठ मनाने की बात कही है। यही नहीं पर्चे में भाकपा की स्थापना सरकारी तंत्र की खामियों और देश में आर्थिक असमानता के विषय पर लेख लिखा गया। जबकि एक अन्य पर्चे में नक्सलियों ने शोषित और वंचितों की आवाज शीर्षक से मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया है जिसमें गुजराती में लिखा है मोदी ना राज मा अंबानी-अदानी मजा मां और जनता जिये सजा मा ! जिसमें अदानी और अंबानी के साथ पीएमकी फोटो साझा किया है

# विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए -जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे



**बुलंद गोंदिया।** आदिवासी समुदाय और उनके उद्धार के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने कहा कि जिला प्रशासन उक्त योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है तथा छात्र-छात्राओं को अपनी समस्याओं को मन में रखे बिना सवाल पूछकर समाधान करना चाहिए तथा अपने भविष्य को उज्जवल करने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईमानदार एवं अथक प्रयास करना चाहिए तथा लक्ष्य प्राप्त करने के बाद उन्हें अपने आवासीय क्षेत्र में ही कार्य करना चाहिए। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय देवरी अंतर्गत शासकीय/सहायता प्राप्त आश्रम शालाओं एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय बोरगांव/बाजार में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में मिशन पीक एक्टिविटी के तहत 200 विद्यार्थियों के लिए जेईई/नीट/एमएचटी-सीईटी ट्यूशन क्लास का शुभारंभ 1 सितंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, प्रभारी उपविभागीय अधिकारी देवरी संतोष महाले, परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त शिक्षण वर्ग में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय देवरी के अंतर्गत 7 उच्चतर माध्यमिक आश्रमशालाओं, 6 अनुदानित आश्रमशालाओं एवं 1 एकलव्य आश्रमशाला में अध्ययनरत कक्षा 12वीं विज्ञान के कुल 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इन छात्रों को 1 सितंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक (नवंबर माह को छोड़कर) कुल 4 महीने तक पढ़ाया जाएगा। परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने बताया कि छात्रों को जेईई/नीट/एमएचटी-सीईटी परीक्षा के लिए पूरा मार्गदर्शन दिया जाएगा और इन छात्रों को परियोजना कार्यालय के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे इस चार महीने की अवधि के दौरान अपने बच्चों को किसी भी उत्सव या समारोह में न ले जाएं, ताकि छात्रों की शिक्षा प्रभावित न हो। परियोजना कार्यालय अंतर्गत मिशन प्रतिभा खोज गतिविधि का आयोजन 25 अगस्त 2023 को शासकीय कन्या आश्रम शाला बोरगांव/बाजार में किया गया, तत्पश्चात योग्य विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शासकीय आदिवासी बालक छात्रावास गोंदिया क्रमांक 1 एवं 2, बालक छात्रावास देवरी क्रमांक.1 एवं कन्या छात्रावास क्रमांक.2 में अध्ययनरत कुल 13 छात्राएं शासकीय सेवा में शामिल हुईं। इन विद्यार्थियों के साथ ही गृहपाल एवं उत्कृष्ट शिक्षण कौशल रखने वाले शिक्षकों को अगस्त माह में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किये गये।

# सारस संवर्धन पर हाईकोर्ट में जवाब पेश, कीटनाशक को घातक बताया राज्य सरकार ने जैविक खाद के लिए 525 किसानों को वितरित किये 1.5 करोड़

**बुलंद गोंदिया।** विदर्भ में तेजी से कम हो रहे सारस पक्षियों के संवर्धन के मुद्दे पर केंद्रित सू-मोटो जनहित याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ के सामने गोंदिया जिला कृषि अधीक्षक ने शपथपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गोंदिया जिलाधिकारी ने सारस संवर्धन समिति की बैठक लेकर जरूरी निर्देश, तो जारी किए ही हैं, साथ ही विभाग ने किसानों की मदद से सारस पक्षियों के संवर्धन का बीड़ा उठाया है। अधीक्षक के अनुसार सारस पक्षियों के प्राकृतिक आवास के पास खेती में प्रतिबंधित कीटनाशकों का इस्तेमाल हो रहा है, जो पक्षियों के लिए हानिकारक है। कृषि विभाग ने 9 उड़नदस्तों के माध्यम से 699 कीटनाशक बिकी दुकानों का निरीक्षण किया। एक दुकान पर 829 किलो प्रतिबंधित फोरेट कीटनाशक मिलने पर विक्रेता का लाइसेंस रद्द करके एफआईआर दर्ज की गई। विभाग ने पिछले साल 144 कीटनाशकों के सैंपल लिए थे। तब 4 लोगों पर एफआईआर भी दर्ज की थी।

**किसानों को जागरूक किया**

कृषि विभाग ने 74 गांवों में 25 जून से 1 जुलाई के बीच कृषि संजीवनी सप्ताह का आयोजन कर किसानों को सारस के संवर्धन के प्रति जागरूक किया। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए 2525 किसानों को कीट पकड़ने के जाल वितरित किए। जैविक खाद खरीदी के लिए 500 किसानों को 1.50 करोड़ रुपए की निधि भी बांटी। चंद्रपुर के जिलाधिकारी विनय गौड़ा ने हाई कोर्ट को बताया कि सारस संवर्धन प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए 2 करोड़ 32 लाख रुपए की जरूरत है।



# प्रीमेच्योर नवजात जुड़वा बच्चों को मिला जीवन दान



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया के सुप्रसिद्ध यूनाइटेड हॉस्पिटल में 2 महीने पूर्व 18 जून को बालाघाट में रहने वाली महिला ने गर्भावस्था के छठवें महीने (26 हफ्ते)पर दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया शिशुओं की गंभीर स्वास्थ्यावस्था को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सिजेरियन डिलीवरी की गई । जन्म पर शिशुओं का वजन केवल 800 एवं 900 ग्राम था। जन्म के तुरंत बाद दोनों शिशुओं को निकु में भर्ती किया गया एवं उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया । यूनाइटेड हॉस्पिटल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सृष्टि केलनका ने बड़े ही साहस और कुशलता के साथ तथा अत्याधुनिक मशीनों एवं तकनीक के द्वारा इन दोनों बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज किया।फल स्वरुप 2 महीने आईसीयू में रहने के पश्चात दोनों शिशुओं की डॉक्टर सृष्टि ने स्वस्थ रूप में छुट्टी की ।छुट्टी के समय दोनों शिशुओं का वजन 1500 एवं 16 00 ग्राम था एवं दोनों शिशु संपूर्ण रूप से स्वस्थ थे ।डॉक्टर सृष्टि केलनका की इस उपलब्धि पर शिशुओं के माता-पिता (बालाघाट के जाने-माने डॉक्टर) ने आभार व्यक्त किया है । डॉक्टर सृष्टि केलनका ने बताया की इतने प्रीमेच्योर शिशुओं का जीवित रहना अत्यंत कठिन होता है । इन प्रीमेच्योर शिशुओं को सांस लेने में तकलीफ होना, दूध न पी पाना, इन्फेक्शन, शुगर कम होना इत्यादि तकलीफों से जूझना पड़ता है । इसके साथ ही अपने अस्पताल के अन्य डॉक्टर एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर सृष्टि ने यह भी बताया की अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा गोंदिया शहर में ही इन समस्याओं का निवारण संभव है ।

# अनाधिकृत रूप से लगाई गई अवैध होर्डिंग पर नगर परिषद की कार्रवाई प्रिंटर्स रवि चौरसिया पर मामला दर्ज

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर में बड़े पैमाने पर बिना प्रशासन की मंजूरी लेकर अनाधिकृत रूप से अवैध होर्डिंग लगाई जाती है जिस पर जिलाधिकारी वह मुख्याधिकारी को भी शिकायतें की गई किंतु होर्डिंग लगाने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी प्रकार के एक मामले में शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज होने के पश्चात नगर परिषद द्वारा शहर के प्रमुख चौराहा पर लगी होर्डिंग पर कार्रवाई करते हुए प्रिंटर्स रवि चौरसिया पर मामला दर्ज किया।

गौरतलब है की गोंदिया शहर में किसी बड़े राजनीतिक नेता के जन्मदिन या शहर में आगमन के साथ-साथ असामाजिक तत्वों के जन्मदिन व उनकी किसी पद पर नियुक्ति होने पर बड़े पैमाने पर होर्डिंग लगाकर शुभकामनाएं दी जाती है। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा अपने प्रचार प्रसार के लिए होर्डिंग लगवाते है ,किंतु होर्डिंग शासन के नियमों अनुसार न लगाकर अवैध रूप से होर्डिंग जौन के बाहर शहर के प्रमुख चौराहो पर लगाई जाती है।

उल्लेखनीय है कि होर्डिंग के संदर्भ में उच्च न्यायालय द्वारा कड़ा आदेश दिया हुआ है लेकिन होर्डिंग लगाने वालों पर इसका भी असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि यदि होर्डिंग लगाना है तो नगर परिषद प्रशासन में नियमानुसार होर्डिंग लगाने हेतु दिन के अनुसार टैक्स देना होता है तथा इसकी मंजूरी संबंधित पुलिस थाने वह यातायात शाखा से लेनी होती है।







### शहर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज

गोंदिया शहर में लगाई गई होर्डिंग के संदर्भ में एक शिकायतकर्ता द्वारा शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया इसके पश्चात मुख्याधिकारी करण चौहान के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौराहो पर लगी होर्डिंग निकालने की कार्रवाई की गई जिसमें जय स्तंभ चौक शासकीय परिसर ,जमनालाल बजाज प्रतिमा ,नेहरू प्रतिमा परिसर की होर्डिंग निकाली गई व उपरोक्त मामले में नगर परिषद के कनिष्ठ लिपिक संजय विट्ठलराव माने लाइसेंस विभाग की शिकायत पर शहर पुलिस थाने में प्रिंटर व्यवसायी आरोपी रवि चौरसिया के खिलाफ धारा 3 महाराष्ट्र सार्वजनिक मालमत्ता विद्रोपीकरण प्रतिबंधक कानून 1995 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### होर्डिंग पर मंजूरी की स्लिप नहीं

नगर परिषद के नियमानुसार लगने वाली होर्डिंग पर टैक्स की रसीद को प्रिंट करना आवश्यक होता है गत कुछ वर्षों पूर्व नगर परिषद द्वारा इस पर कड़ा रुख अपनाया गया था जिस पर कुछ समय तो होर्डिंग पर टैक्स रसीद को प्रिंट किया जाता था किंतु फिर से प्रिंट करना बंद कर दिया गया है।

### नप प्रशासन की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई

शहर में लगने वाले होर्डिंग पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई में पक्षपात पूर्ण रवैया अनेकों बार साफ दिखाई देता है. सत्ता पक्ष या किसी वरिष्ठ नेता वह दबंगो के जन्मदिन या आगमन पर लगने वाली होल्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं की जाती कुछ शिकायत होने पर ही प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है।

### मार्गों के मोड पर लगी होर्डिंग से दुर्घटना

गोंदिया शहर के प्रमुख मार्गों पर बड़े पैमाने पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाई जाती है जिसमें देखने में यह आया कि जहां मार्ग का मोड होता है वहां पर भी होर्डिंग लगा दी जाती है जिससे विपरीत दिशा से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता तथा यह दुर्घटना का भी कारण बन रहा है।

# गोंदिया शहर के गांधी वार्ड व संपूर्ण शहर में दूषित पेयजल की आपूर्ति

## नागरिकों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की लापरवाही



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के संपूर्ण क्षेत्र व गांधी वार्ड में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल मटमैला , दूषित व,दुर्गंध युक्त होने के चलते नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा खतरा मंडराने लगा है, तथा शहर में दूषित जल से होने वाली बीमारियां बड़े पैमाने पर फैल रही है। गौरतलब है की संपूर्ण गोंदिया शहर में नागरिकों को पानी की जलापूर्ति महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा किया जाता है तथा नागरिक यहीं जल पर अधिकांश रूप से आश्रित है, किंतु गत तीन माह से महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की लापरवाही के चलते संपूर्ण शहर में गंदा मटमैला वह बदबूदार दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिसमें मुख्य रूप से शहर के गांधी वार्ड का समावेश है इस मामले में गांधी वार्ड के नागरिकों द्वारा अनेकों बार जनप्रतिनिधियों मजिप्रा के अधिकारियों को लिखित में जानकारी दी है लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा नहीं की गई है। उल्लेखनीय है क्या शहर के सभी 42 वार्डों में लगभग मजिप्रा की नल योजना के अंतर्गत पानी आता है जिसमें गोंदिया शहर के गणेश नगर, बजरंग नगर, फूलचूर रोड, श्रीनगर, भीम नगर, माताटोली ,बाजार विभाग , सिंधी कॉलोनी, रामनगर ,रेलटोली, सिविल लाइन, मामा चौक आदि क्षेत्रों में गत 3 महीने से दूषित व दुर्गंध युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है। जिससे नागरिकों में आक्रोश निर्माण हो रहा है इस मामले में अनेकों बार शिकायत किए जाने के बावजूद महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा इस और अनदेखी की जा रही है। इस दूषित जलापूर्ति के संदर्भ में नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी से लेकर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। जिसमें मांग की गई है कि गोंदिया में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाला पेयजल गत तीन महीनो से दुर्गंध युक्त वह गंदा आ रहा है जिससे नागरिकों में दूषित जल से होने वाली बीमारियों का प्रसार हो रहा है तथा अनेक नागरिक दुसित जल पीकर बीमार हो रहे हैं। इस मामले में मजिप्रा के अधिकारियों को बार-बार सूचना देने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा इस और कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा आपूर्ति होने वाले पेयजल को उचित तरीके से शुद्ध नहीं किया जा रहा है। शहर के अधिकांश नागरिकों कोमजिप्रा द्वारा आपूर्ति होने वाले मीठे पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

### जन आंदोलन करेंगे

**गांधी** वार्ड में गत तीन महीना से लोगों को जहरीले पानी की आपूर्ति हो रही है इस मामले में जनप्रतिनिधियों वह मजिप्रा के अधिकारियों को बार-बार सूचित किया गया है किंतु अब तक कोई भी अधिकारियों द्वारा वार्ड में भेट देकर इस गंभीर समस्या को हल नहीं किया है जिसके चलते आक्रोशित नागरिको द्वारा शासन के विरोध में मोर्चा निकालकर जन आंदोलन करने की चेतावनी दी।

**- सुनील मेश्राम नागरिक गांधी वार्ड**

# हड़ताल से खाद के लिए परेशान हो रहे किसान

**बुलंद गोंदिया।( बालाघाट )**- खाद के लिए किसानों को हर मोड़ पर परेशान होना पड़ रहा है। पखवाड़े से सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है जिसके कारण समितियों में ताला लटका हुआ है। नगर मुख्यालय स्थित म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र में भी यूरिया खाद नही है ऐसी स्थिति में किसानों को यूरिया खाद नही मिल रहा है और यूरिया खाद के लिए किसान गोदाम व सोसायटियों के चक्कर लगा रहे है। किसानों ने प्रशासन से म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण गोदाम लालबर्रा में यूरिया खाद उपलब्ध करवाने एवं सेवा सहकारी समिति में भंडारित खाद को को गोदाम में उपलब्ध करवाकर किसानों को वितरण करने की मांग की है।

किसानो का कहना रहा कि धान फसल गभोट में आने लगी है जिसमें यूरिया खाद का छिड़काव किया जाना जरूरी हो गया है। परन्तु यूरिया खाद नहीं मिलने से उन्हें परेशान होना पड़ रहा है।

# जनपद पंचायत के नए सीईओ शफी महोम्मद कुरैशी ने संभाला पदभार

**बुलंद गोंदिया।( लांजी बालाघाट )**- पंचायत के नए सीईओ शफी महोम्मद कुरैशी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले शफी महोम्मद कुरैशी छिंदवाड़ा जिले के हर्रई जनपद पंचायत में सीईओ के पद पर पदस्थ थे।

पदभार ग्रहण करने के बाद सीईओ शफी महोम्मद कुरैशी ने जनपद पंचायत लांजी के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की लांजी जनपद बैठक ली।

# जि.प. शाला के शिक्षक शिवणकर का सत्कार



**अर्जुनी मोरगांव**-देवलगाव जि.प. वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल के शिक्षक सुरेश शिवणकर का सेवानिवृत्त होने पर सत्कार किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच दीपाली कापगते ने की विशेष अतिथि के रूप में पं.स. उपसभापति होमराज पुस्तोडे एवं प्रमुख अतिथि के रूप में शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष मिलिंद कापगते उपस्थित थे. कार्यक्रम में कालीदास पुस्तोडे, उपसरपंच नामदेव कापगते, गट शिक्षाधिकारी मांटरे प्रधानाध्यापक पर्वत, केन्द्र प्रमुख मानारकर, चांदेवार, सुखदेवे, उईके, लाजेवार झोले कापगते, पुरुषोत्तम ब्राह्मणकर एवं नवेगावबांध के प्रमुख रुखमोडे उपस्थित थे

# भारत राखीव बटालियन गोंदिया मे मनाया गया स्नेहबंधन का पर्व

**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता कामठा )** - भारत राखीव बटालियन क्रमांक 2 राज्य राखीव पोलीस बल गट क्रमांक 15 बीरसी कॅम्प गोंदिया पर रक्षाबंधन का पर्व बडे अनोखे तरीके से मनाया गया। बटालियन के समादेशक अमोल गायकवाड इनके दिशा निर्देश मे ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय महाविद्यालय गोंदिया द्वारा बटालियन के अधिकारी तथा जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके लिये परमपिता परमेश्वर से उच्चतम आरोग्य सुख शांती तथा लंबी आयु की प्रार्थना की गयी। साथ ही मे रक्षाबंधन के उपहार रूप बहनों ने भाइयों से अनोखा उपहार मांगा जिसमे उनके जीवन मे आये तणाव, क्रोध, व्यसनाधीनता, इत्यादी अगर दुर्गुण हो तो वो उपहार रूप मे त्याग करके रक्षाबंधन का यही सबसे बडा उपहार होगा ऐसा प्रतिपादन ब्रह्मकुमारी रत्नमाला दीदी गोंदिया सेंटर प्रमुख इन्होने किया इसी प्रकार कामठा सेंटर की प्रमुख ब्रह्मकुमारी वैशाली दीदी नम्रता दीदीने सभी जवानों को रक्षाबंधन का महत्व समझाया साथ ही तनाव मुक्त जीवन कैसे जिया जाता है उसके लिए क्या क्या योग प्रयोग किये जाये जाने चाहिये इसके बारे मे विस्तृत जानकारी दी। बटालियन के समादेशक अमोल गायकवाड ने अपने विचार प्रकट करते हुए जवानों को बताया की परिवार तथा नोकरी इन दोनो मे अगर सही तालमेल बनाया जाये तो कोई भी तणाव नहीं आयेगा अपने मन के विचार चाहे जो भी हो सबके साथ साझा करने से बहुत सी समस्याओ का हल आसानी से मिल जाते है। उन्होने इस कार्यक्रम के लिए ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय महाविद्यालय के सभी दीदी का तथा भाईयो का अभिनंदन किया साथ ही इसके लिये मै आभार न मानते हुए इस बंधन से मुक्त न होकर आपसे सदैव जुडा रहना चाहता हु ऐसा भावनिक प्रतिपादन किया है। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतू बटालियन के सहायक समादेशक प्रमोद लोखंडे कैलास पुसाम कमलकांत सिंग पोलीस निरीक्षक मडावी पोलीस उपनिरीक्षक समर यादव राम यादव गजू वैद्य प्रशांत नारखेडे सचिन चरडे इन्होंने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।



# पुलिस पाटिल भर्ती में ओबीसी के लिए कोई जगह नहीं ओबीसी संघर्ष समिति की ओबीसी आरक्षण की मांग




**बुलंद गोंदिया। ( प्रतिनिधि सालेकसा )**-उपविभागीय अधिकारी के निर्देशानुसार सालेकसा - आमगांव देवरी तहसील में विभिन्न स्थानों पर पुलिस पाटिल पद की नियुक्ति के लिए आरक्षण ड्रा 4 सितंबर को जारी किया गया था। इस सार्वजनिक सूची के अनुसार आरक्षण बिन्दुवार सूची के आधार पर निकाला गया है। लेकिन ओबीसी गट से आने वाले कई पुलिस पाटिलों को सामान्य पदों पर नियुक्त किया गया, जिन्हें ओबीसी में गिना गया था, इसलिए यह सामने आया कि ओबीसी के लिए कोई जगह नहीं बची थी। लेकिन यह अवैध है और ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय है. ओबीसी संघर्ष कृति समिति के अध्यक्ष बबलू कटरे ने स्थिति व्यक्त करते हुए कहा कि यदि ओबीसी समुदाय के अभ्यर्थियों को सामान्य आरक्षण पर नियुक्त किया गया था, तो उन्हें सामान्य के रूप में गिना जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने के बजाय ओबीसी के लिए अलग से आरक्षित सीटों की संख्या शून्य है, और यह अनुचित है पुलिस पाटिल भर्ती में ओबीसी के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होने से ओबीसी वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हुआ है, इसलिए ओबीसी संघर्ष एक्शन कमेटी की ओर से तहसीलदार नरसय्या कोंडागुरले के माध्यम से जिलाधिकारी से आरक्षण में तत्काल बदलाव करने की मांग की गई है। ओबीसी संघर्ष एक्शन कमेटी के जिला अध्यक्ष बबलू कटरे, तहसील अध्यक्ष मनोज डोये, ओबीसी सुरक्षा दल के जिला अध्यक्ष विजय फुंडे, नेपाल पटले, मनोज शरणागत, राजू काले, राहुल हटवार, राकेश रोकड़े, मधुकर हरिनखेड़े, यशवंत शेंडे, गणेश शेंडे, राजू ब्राह्मणकर आदि। मौजूद थे।

# बालाघाट बहुचर्चित डबलमनी केस की सीबीआई से जांच कराने राज्य सरकार ने की केंद्र से सिफारिश

**बुलंद गोंदिया।**
**( संवाददाता बालाघाट )** बालाघाट जिले में डबलमनी मामले में पुलिस की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपियों की लंबी फेहरिस्त और अन्य राज्यों से मिले कनेक्शन ने इसे हाई प्रोफाइल बना दिया। अन्य राज्यों से जुड़ी डबलमनी केस की तफ्तीश अब सीबीआई करेगी। इसके लिए सरकार ने सिफारिश की है। बता दें कि इस केस में तीन राज्यों से तार जुड़े होने साक्ष्य मिलने के बाद इसकी सीबीआई जांच जरूरी हो गई है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में अब तक पुलिस 25 करोड़ की संपत्ति सीज कर चुकी है। गौरतलब है कि बालाघाट जिले के डबलमनी के तार महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य से भी जुड़े होने के चलते अब इसकी जांच सीबीआई से कराये जाने की सिफारिश राज्य सरकार ने की है। एसपी की अनुसार चूंकि बड्स एक्ट के तहत प्रविधान में तीन राज्यों का मामला होने से मामले की जांच सीबीआई से कराये जाने के नियमों के तहत बालाघाट पुलिस ने सरकार को मामले में सीबीआई जांच किये जाने का प्रतिवेदन दिया था। जिसे राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए इस मामले की जांच सीबीआई से कराये जाने की सिफारिश की है।

### इन मामलों की जांच के लिए केंद्र से की गई सीबीआई की अनुशंसा

17 मई 2022 को लांजी थाना क्षेत्र में दो और किरनापुर थाना क्षेत्र में अनिमित जमा योजना दर्ज की थीं। प्रतिबद्ध अधिनियम 2019 की धारा 21 (1) 21 (2) के तहत लांजी लांजी में अपराध क्रमांक 177/2022 में बोलगांव निवासी 28 वर्षीय सोमेन्द्र पिता योगेन्द्र कंकरायनेए कोकना निवासी 28 वर्षीय तामेश पिता रामप्रसाद मंसुरेए 24 वर्षीय राकेश पिता रामप्रसाद मंसुरे एवं बोलगांव निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पिता दिनेश कंकरायनेए अपराध क्रमांक 178 /2022 में बोलेगांव निवासी 36 वर्षीय हेमराज पिता तुलसीराम आमाडारेए धनराज पिता तुलसीराम आमाडारेए कुंदन पिता सुरेश यादवए 19 वर्षीय ललित पिता खेमराज वैष्णव और 28 वर्षीय राहुल पिता राजकुमार बापुरे के और किरनापुर थाना में अपराध क्रमांक 151/2022 में किरनापुर के किन्ही चौकी अंतर्गत छिंदीकुला निवासी 38 वर्षीय अजय पिता ब्रजलाल तिड़के, महेश पिता ब्रजलाल तिड़के, डोरली निवासी 28 वर्षीय शिवजित पिता मायाराम चिले और किन्ही निवासी 33 वर्षीय मनोज पिता टेकलाल सोनेकर के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### विपक्ष उठा रहा था मांग

इस मामले को लेकर लगातार विपक्षी राजनीतिक दल डबमनी से जुड़े मामले िचि की सीबीआई जांच करवाये जाने की मांग उठा रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने डबल मनी मामले में राज्य सरकार द्वारा की गई सीबीआई जांच की अनुशंसा जानकारी पर कहा कि डबलमनी मामले की सीबीआई जांच होने से ऐसी कई छिपी परते खुलेंगी। जो पुलिस एक्सपर्ट और बल की कमी के कारण नहीं ढूंढ सकी है और निश्चित ही सीबीआई जांच से आरोपियों को सजा दिलाने में न्यायोचित कार्यवाही होगी। जिससे इस मामले में निवेशकों को न्याय मिलेगा।

# शासकीय मेडिकल कॉलेज गोंदिया के प्रशिक्षु डॉक्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




बुलंद गोंदिया। गोंदिया के शासकीय मेडिकल कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा चिकित्सा भूषण विलास वाधोनकर उम्र 23 वर्ष द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उपरोक्त घटना 4 सितंबर की सुबह 8ः30 बजे के दौरान सामने आई जिससे मेडिकल प्रशासन में हड़कंप मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया के शासकीय मेडिकल कॉलेज में अमरावती जिले के चांदूर रेलवे निवासी भूषण विलास वाधोनकर वर्ष 2018 की बैच का विद्यार्थी था जिसका 5 वर्षों का एमबीबीएस का प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के रूप में कार्यरत था। जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन का शिकार होने के साथ किसी से भी बराबर बात नहीं कर रहा था। वह शासकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन क्रमांक 7 की तीसरी मंजिल के कमरा संख्या 31 में रह रहा था तथा 3 सितंबर को अपने दिन की शिफ्ट का कार्य कर शाम को अपने रूम पर पहुंचा तथा उसके रूम के सहयोगी की नाइट शिफ्ट होने से वह अपने कार्य पर चला गया। जिसके द्वारा 4 सितंबर की सुबह 8ः00 बजे के दौरान आने पर रूम का दरवाजा बंद तथा फोन करने पर उसका जवाब नहीं मिला इसकी जानकारी बाजू के रूम के अपने सहयोगी को दी व रूम में जाने पर भूषण द्वारा सीलिंग पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उपरोक्त घटना की जानकारी शहर पुलिस थाने के निरीक्षक चंद्रकांत सूर्यवंशी को मिलते ही वह घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की वह मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज में भेजा तथा आगे की जांच चंद्रकांत सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार देवानंद मलगाए द्वारा की जा रही है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।